# प्रिया प्रकाश वॉरियर का दिखा नया लुक

स्कूल ड्रेस में अपनी आंखों की अदाओं से हर किसी को अपना दीवाना बनाने वाली मलयालम ब्यूटी प्रिया प्रकाश वॉरियर एक बार फिर सुर्खियों में हैं. साल की शुरुआत में प्रिया प्रकाश का एक वीडियो इस कदर वायरल हुआ कि मलयालम ब्यूटी वाली यह लड़की रातोंरात स्टार बन गई. अब साल के अंत में भी प्रिया प्रकाश ने अपने नए फोटो शूट से हर किसी को अपनी खूबसूरती का कायल बना लिया है.

प्रिया प्रकाश वॉरियर ने इंस्टाग्राम में अपनी बेहद दिलकश फोटो शेयर की हैं. इस फोटोशूट में प्रिया काफी बदली हुई नजर आ रही हैं. अलग-अलग तस्वीरों में प्रिया अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर रही हैं. प्रिया प्रकाश वारियर अपने नए अवतार में बाथटब फोटोशूट करती दिखाई दे रही हैं.

बाथटब में दिखा दिलकश अंदाज

इंस्टाग्राम पर प्रिया ने अपनी एक फोटो शेयर की है. इस फोटो में प्रिया बाथटब में नजर आ रही हैं. प्रिया बाथटब में चेक ड्रेस में दिखाई दे रही हैं. प्रिया एक बार फिर अपनी आंखों से बात करते दिख रही हैं. प्रिया की मासूमियत फोटो को और भी ज्यादा खूबसूरत बना देती हैं.

आंखें मटकाकर रातोंरात मशहूर होने वाली ये मलयाली एक्ट्रेस फिल्म उरु आदर लव के एक गाने को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गईं थीं. गाने में प्रिया और उनके हीरो रोशन केमिस्ट्री लैब में रोमांस करते नजर आ रहे थे. इस टीजर में भी प्रिया प्रकाश की आंखों की कई अदाएं देखी गईं थीं. उरु आदर लव जल्द ही सिनेमा घरों में दिखाई देने वाली है.

**गूगल सर्च में प्रिया आठवें पायदान पर:** प्रिया प्रकाश को लेकर युवाओं के बीच दीवानगी का ही आलम है कि गूगल की इंडिया सर्च में उन्हें टॉप टेन में जगह मिल चुकी है. हाल ही में गूगल ने इंडिया में सबसे ज्यादा सर्च किए गए लोगों की एक लिस्ट जारी की है. इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली जगह बनाई है तो तैमूर अली खान 10वें स्थान पर मौजूद हैं. इस लिस्ट में प्रिया प्रकाश ने आठवें पायदान पर जगह बनाई है.



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# बायॉपिक में पीएम मोदी का किरदार निभाएंगे विवेक ओबेरॉय

बॉलिवुड में पिछले कई सालों से बायॉपिक बनाए जाने के ट्रेंड ने जोर पकड़ा है। पहले तो केवल स्पोर्ट्स बायॉपिक ही बन रहीं थीं लेकिन अब तो फिल्मी और राजनीतिक हस्तियों पर भी बायॉपिक बन रही हैं। ऐसी एक बायॉपिक भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनाए जाने की चर्चा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी पर बनने वाली बायॉपिक पर काम जनवरी 2019 से शुरू हो जाएगा। बताया जा रहा है कि फिल्म में पीएम मोदी का रोल बॉलिवुड ऐक्टर विवेक ओबेरॉय निभाने जा रहे हैं। खबरों की मानें तो इस फिल्म की शूटिंग गुजरात, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में होगी। विवेक ने इस फिल्म के लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। हालांकि इस फिल्म का टाइटल अभी तक तय नहीं हुआ है लेकिन इसके डायरेक्टर फाइनल हो गए हैं। पीएम मोदी की बायॉपिक का डायरेक्शन मैरी कॉम की बायॉपिक बना चुके डायरेक्टर उमंग कुमार करेंगे। अभी फिल्म की टीम इसकी स्टोरी पर पिछले डेढ़ साल से काम कर रही है। माना जा रहा है कि संबंधित अथॉरिटीज से इजाजत लिए जाने के बाद अब जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी।

# अक्षरा सिंह के आगे फीकी पड़ जाती हैं बॉलीवुड अभिनेत्री!



भोजपुरी फिल्मों की टॉप अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपनी खूबसूरती के साथ साथ अपने बेहतरीन अभिनय से भी लाखों दर्शकों को दीवाना बना चुकी है. अक्षरा एक अभिनेत्री होने के साथ ही एक अच्छी सिंगर होने के अलावा एक बेहतरीन डांसर भी हैं. अक्षरा सिंह ने भोजपुरी के सभी बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया है. जिसमें पवन सिंह के साथ उनकी जोड़ी भोजपुरी के सिनेमा में काफी पॉपुलर है. इसके अलावा वो दिनेश लाल यादव निरहुआ और खेसारी लाल यादव के साथ भी कई हिट फिल्में कर चुकी हैं. खबरों की मानें तो पवन सिंह के साथ उनके रिलेशनशिप की चर्चा भी सोशल मीडिया पर आ चुकी हैं. हालांकि इस बारे में पवन सिंह और अक्षरा ने कोई भी बयान खुलकर नहीं दिया. अक्षरा सिंह ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत प्राण जाए पर वचन न जाए से की थी जोकि साल 2011 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में उनके साथ भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार रवि किशन भी मुख्य भूमिका में थे.उनकी पहली ही फिल्म में उनके अभिनय की बहुत सराहना हुई जिसके बाद उनकी गिनती भोजपुरी के टॉप अभिनेत्रियों में होने लगी. यूपी और बिहार में अक्षरा सिंह की काफी बड़ी फैन फॉलोइंग है. सोशल मीडिया पर तो उनकी लोकप्रियता का ये आलम है कि उनकी कोई भी वीडियो या तस्वीर शेयर होते ही वायरल होने लगती है. भोजपुरी फिल्मों में अभिनय करने के साथ ही उन्होंने जी टीवी के लोकप्रिय शो काला टीका में भी अभिनय किया है. अक्षरा ने अब तक कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया है. जिनमें धड़कन, हम हैं लुटेरे, सरकार राज, सत्या, दिलवाला, साजन चले ससुराल 2 आदि शामिल हैं. इसके अलावा उनकी आने वाली फिल्मों की भी एक लम्बी लिस्ट है. बबुआ बवाली जिसमें वो खेसारी लाल यादव के साथ नजर आएंगी साल 2019 में आएगी. इसके अलावा वो पवन सिंह के साथ मैंने उनको सजन चुन लिया में भी काम कर रही हैं.

# शाहरुख खान ने सुहाना को बताया कैसे लड़कों से रहें दूर

शाहरुख खान यह साबित कर चुके हैं कि बॉलिवुड में रोमांटिक रोल उनसे बेहतर कोई नहीं कर सकता। राज से लेकर राहुल तक फिल्मों में वह कई यादगार किरदार निभा चुके हैं। माना जाता है कि जब वह बाहें फैलाते हैं तो किसी भी लड़की को उनसे प्यार हो सकता है।

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वह असल जिंदगी में भी वैसा ही बिहेव करते हैं जैसा कि फिल्मों में उनके किरदार करते दिखाई देते हैं? इस बात पर शाहरुख ने बड़ा मजेदार जवाब दिया। उन्होंने बताया कि किसी रोमांस का सार ही यही है कि किसी खास वक्त पर किसी खास को यह फील कराया जाए इसलिए अगर वह घर पर बाहें खोलकर अपनी पत्नी के सामने गाना गाने के लिए खड़े हो जाएं तो वह घर के बाहर निकाल देंगी।

जब उनसे पूछा गया कि अगर उनकी बेटी सुहाना राहुल जैसे लड़के से मिले तो उन्हें कैसा लगेगा। शाहरुख ने जवाब दिया कि उन्हें अच्छा नहीं लगेगा। उन्होंने बताया कि वह अपनी बेटी को बता चुके हैं कि अगर वह ऐसे लड़के से मिले जो कि उनसे कहे, राहुल, नाम तो सुना ही होगा, इसका मतलब है कि वह स्टॉकर है। अगर कोई लड़का पार्टी में उसे देखता रहे और कहे, और पास और पास तो जाकर उसके पैर पर लात मार दो।

बता दें कि शाहरुख खान रीसेंटली फिल्म जीरो में कटरीना कैफ और अनुष्का के साथ रोमांस करते दिखाई दिए हैं।